## न्यूज डायरी




### कोविड–19 का जोखिम कम करती है कोलेस्ट्रॉल की दवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरूशलम। इजरायल के हिब्रू विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता ने कोरोना वायरस की दवा को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाली कोलेस्ट्रॉल रोधी दवा 'फेनोफाइब्रेट' कोरोना संक्रमण के खतरे के स्तर को सामान्य जुकाम के स्तर का करने में मददगार है। यह दावा संक्रमित मानव कोशिका पर दवा के इस्तेमाल के बाद किया गया। विश्वविद्यालय के ग्रास सेंटर ऑफ बॉयोइंजिनियरिंग में निदेशक प्रोफेसर याकोव नाहमियास ने न्यूयॉर्क के माउंट सिनाई मेडिकल सेंटर में बेंजामिन टेनोएवर के साथ संयुक्त शोध में यह पाया। उन्होंने कहा कि नोवेल कोरोना वायरस इसलिए खतरनाक है क्योंकि इसके कारण फेफड़ों में वसा का जमाव हो जाता है, जिसे दूर करने में फेनोफाइब्रेट मददगार है। दोनों शोधकर्ताओं ने देखा कि सार्स–सीओवी–2 स्वयं को बढ़ाने के लिए मरीजों के फेफड़ों में किस तरह से बदलाव करता है।

### शिनजियांग संबंधी अमेरिका की चेतावनी 'पूरी दुनिया के लिए हानिकारक'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीनी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की अमेरिका सरकार की चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन की सरकार ने कहा है कि वह देश की कंपनियों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। दरअसल, अमेरिका ने चेतावनी दी है कि चीन की कंपनियां अगर शिनजियांग के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की प्रताड़ना करने में मदद करती है, तो उन्हें कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि अमेरिका और चीन के संबंधों में कई मुद्दों को लेकर अत्यधिक तनाव बना हुआ है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिका सरकार पर चीन के मामलों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया और कहा कि वाशिंगटन ''चीन की कंपनियों के दमन'' के लिए मानवाधिकार की शिकायतों का इस्तेमाल कर रहा है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''यह चीन के लिए हानिकारक है, अमेरिका के लिए हानिकारक है और पूरी दुनिया के लिए हानिकारक है।

### पाकिस्तान में कोरोना वायरस के कुल मामलों की संख्या 2,55,769 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,165 नए मामले सामने के बाद देश में इस वायरस से संक्रमित होने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर बुधवार को 2,55,769 हो गई। पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने बताया कि देशभर के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से 1,72,810 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण के चलते 67 और लोगों की मौत होने के बाद कुल मृतक संख्या बढ़कर 5,386 हो गई है। देश में फिलहाल 77,573 मरीज उपचाराधीन हैं। संक्रमण के सबसे अधिक 1,07,773 मामले सिंध से सामने आए हैं। इसके बाद पंजाब में 88,045, खैबर–पख्तूनख्वा में 31,001, इस्लामाबाद में 14,315, बलोचिस्तान में 11,239, गिलगित–बाल्तिस्तान में 1,708 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 1,688 मामले सामने आए हैं।

### इंडोनेशिया में बाढ़ से 16 लोगों की मौत, 23 अन्य लापता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। इंडोनेशिया के दक्षिणी सुलावेसी प्रांत में बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 16 लोगों की जान चली गई और अन्य 23 लापता हैं।राष्ट्रीय आपदा शमन एजेंसी के प्रवक्ता रादित्य जाटी ने कहा, ''राष्ट्रीय तलाश एवं बचाव एजेंसी से मिली ताजा जानकारी के अनुसार 16 लोग मारे गए हैं और हम 23 लोगों की अब भी तलाश कर रहे हैं।''उत्तर लुवु जिले की अधिकारी इंदह पुतरी इन्द्राणी ने कहा कि मूसलाधार बारिश से तीन नदियों में उफान के कारण सोमवार शाम से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। उन्होंने बताया कि बाढ़ के पानी के साथ मिट्टी और बाकी चीजें सड़कों पर फैल गईं तथा हजारों घरों मेंघुसगई।बाढ़ के कारण उत्तरी लुवु जिले के छह उपजिलों में रहने वाले 4000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। 'इंडोनेशिया में अक्सर भारी बारिश से भूस्खलन होते हैं।

# रिसर्च से बदलेगा अयोध्या का इतिहासः नेपाली विदेश मंत्री

## अयोध्याः केपी ओली के सुर में सुर मिलाते दिखे नेपाली विदेश मंत्री

**आलोचना**

- ओली के अयोध्या को लेकर दिए विवादित बयान की नेपाल से लेकर भारत तक आलोचना
- नेपाली विदेश मंत्रालय ने जहां सफाई दी, वहीं नेपाली विदेश मंत्री अलग राग अलाप रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा के अयोध्या को लेकर दिए विवादित बयान की नेपाल से लेकर भारत तक हर तरफ आलोचना हो रही है। ओली के बयान पर नेपाली विदेश मंत्रालय ने जहां सफाई दी, वहीं अब नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवली दावा कर रहे हैं कि रिसर्च से अयोध्या का इतिहास बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि हम लोग अभी तक केवल विश्वास के आधार पर ही सभी बातों को मानते हैं।

नेपाली विदेश मंत्री ने कहा, हमें अब तक यही बताया गया है कि सीता का जन्म जनकपुर में हुआ और राम का जन्म अयोध्या में हुआ,




लेकिन जिस दिन अध्ययन से नए तथ्य मिल जाएंगे, रामायण का इतिहास बदल जाएगा। ज्ञवाली ने एक साक्षात्कार में कहा कि जिस तरह महात्मा बुद्ध को लेकर लिखित इतिहास है, वैसा रामायण के साथ नहीं है।

**अध्ययन की पुष्टि के लिए अभी पर्याप्त प्रमाण नहीं**

विदेश मंत्री ज्ञवली ने कहा, रामायण सभ्यता की पुरातात्विक अध्ययन की पुष्टि के लिए अभी पर्याप्त प्रमाण नहीं हैं। उन्होंने ने कहा कि रामायण में जिन स्थानों को लेकर वर्णन किया गया है, उसको लेकर भारत और नेपाल के चर्चा चल रही है। अभी इसके सांस्कृतिक भूगोल को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। विदेश मंत्री रिसर्च की बात कर रहे हैं, वहीं सत्ताारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के उपाध्यक्ष बाम देव गौतम ने ओली से अयोध्या पर दिए बयान को वापस लेने की मांग की है।

इससे पहले नेपाली विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था कि पीएम ओली का इरादा किसी की आस्था को चोट पहुंचाना नहीं था। नेपाली विदेश मंत्रालय ने ओली के बयान पर लीपापोती करते हुए कहा, प्रधानमंत्री की टिप्पणी किसी राजनीतिक विषय से जुड़ी नहीं है। उनका इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था और न ही अयोध्या के सांकेतिक महत्व और सांस्कृतिक मूल्य का अपमान करना था।

मंत्रालय ने अपनी सफाई में कहा कि श्री राम और उनके स्थान से जुड़े कई मिथक और संदर्भ हैं। पीएम ओली सांस्कृतिक भौगोलिकता, रामायण के फैक्ट को लेकर अध्ययन और रिसर्च के महत्व पर प्रकाश डाल रहे थे।

## भारत का टिकटॉक बैन चीन से हथियार छीननाः यूएस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय वाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि भारत जैसे देशों की ओर से टिकटॉक जैसे मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाना चीन के निगरानी के काम से एक बड़ा हथियार छीनने के समान है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन ने फॉक्स न्यूज रेडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप प्रशासन चीनी ऐप टिकटॉक, वीचैट और कुछ अन्य पर 'बहुत गंभीरता से विचार कर रहा है।'

ब्रायन ने टिकटॉक जैसे ऐप से पैदा हो रहे खतरे पर एक सवाल के जवाब में कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं कि भारत ने पहले ही इन ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। अगर भारत और अमेरिका में इन ऐप्स के इस्तेमाल पर रोक लग जाती है तो कुछ पश्चिमी देशों में भी रोक लग जाएगी जिससे सीसीपी के जासूसी या निगरानी के काम से एक बड़ा हथियार छिन जाएगा।' ओ ब्रायन ने कहा, 'जो बच्चे टिकटॉक का इस्तेमाल कर रहे हैं.... और यह मजेदार हो सकता है... लेकिन कई अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी है जिनका वे इस्तेमाल कर सकते हैं। वे आपके सभी निजी डेटा ले रहे हैं, आपका सबसे व्यक्तिगत डेटा ले रहे हैं। वे यह पता लगा रहे हैं कि आपके दोस्त कौन हैं, आपके माता–पिता कौन हैं।



## ताइवान की संसद में जमकर मारपीट, शीशे टूटे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। ताइवान की संसद में नामांकन को लेकर जमकर मारपीट हो गई जिसमें एक सांसद घायल हो गए और बिल्डिंग के शीशे टूट गए। खबरों के मुताबिक विपक्षी कोउमितांग पार्टी के सदस्य सत्तारूढ़ डेमोक्रैटिक प्रोग्रेसिव पार्टी से भिड़ गए। उन्होंने नामांकन करने जा रही चेन चू को संसद के मुख्य चैंबर में घुसने से रोक दिया। इसके बाद दोनों दलों के समर्थकों में जमकर मारपीट हुई। कोउमितांग पार्टी के एक सांसद मारपीट के दौरान बुरी तरह से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि इमारत के शीशे टूट गए और एक उन्हें लग गया जिससे उनका हाथ थोड़ा सा कट गया। इस मारपीट में दोनों ही पक्षों से कई सांसद घायल हुए हैं।

# पाकिस्तान के लिए चीन ने खोला हथियारों का जखीरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चीन। लद्दाख में पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत को घेरने में जुटा चीन अब अरबों डॉलर के हथियार की मदद से पूरी पाकिस्तानी नौसेना का रंग रूप ही बदलने जा रहा है। चीन पाकिस्तान के ग्वादर में विशाल नौसैनिक अड्डा बना रहा है। यही नहीं चीन अब भारत के मित्र देश रहे ईरान पर भी डोरे डाल रहा है जहां भारत ने चाबहार पोर्ट का विकास किया है।

**पाकिस्तान को 7 अरब डॉलर के हथियार दे रहा चीनः** भारत के धुर विरोधी पाकिस्तान की नौसेना को आधुनिक बनाने के लिए चीन ने अपने हथियारों का

पाकिस्तान के ग्वादर में विशाल नेवल बेस बना रहा चीन

जखीरा खोल दिया है। पाकिस्तान ने चीन से युआन क्लास की 7 डीजल–इलेक्ट्रिक से चलने वाली सबमरीन के लिए करार किया है। ये सबमरीन एयर इंडिपेंडेंट प्रपॉल्शन से लैस हैं और लंबे समय तक पानी के अंदर रह सकती हैं। इसके अलावा चीन पाकिस्तान को टाइप–054 श्रेणी के बहुउद्देशीय स्टील्थ फ्रीगेट्स दे रहा है जो रेडार को चकमा देने में सक्षम हैं। इसके अलावा चीन कई अन्य हथियार पाकिस्तानी नौसेना को दे रहा है। इसके लिए पाकिस्तान ने चीन के साथ 7 अरब डॉलर की डील की थी। पाकिस्तान अब अपना 70 फीसदी हथियार चीन से खरीद रहा है।

पाकिस्तान की नौसेना के पास इस समय केवल नौ फ्रीगेट्स, पांच सबमरीन और 10 मिसाइल बोट तथा तीन माइनस्वीपर हैं। चीन से मिल रहे युद्धपोत से पाकिस्तानी नौसेना बेहद घातक हो जाएगी। ये युद्धपोत 4000 समुद्री मील तक हमला कर सकते हैं और इन पर जमीन से हवा और सबमरीन रोधी मिसाइलें लगी हुई हैं। पाकिस्तान को ये हथियार 2021–23 के बीच मिल जाएंगे। पाकिस्तान को मिलने वाली चीनी युआन क्लास की पनडुब्बी दुनिया में सबसे शांत मानी जाने वाली पनडुब्बियों में से एक है।

## भारतीय–अमेरिकी दंपति 400,000 डॉलर की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। भारत में स्थित फर्जी कंपनियों की ओर से अमेरिकी नागरिकों को गुमराह करके 400,000 डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी के आरोप में एक भारतीय–अमेरिकी दंपति को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिका के न्याय विभाग ने मंगलवार को बताया कि मेहुल कुमार मनुभाई पटेल और चिताली दवे ने इस घोटाले में कम से कम 24 लोगों को फंसाकर मई 2019 से जनवरी 2020 के बीच 4,00,000 डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी की। दोनों की उम्र 36 वर्ष है। संघीय ग्रांड जूरी ने नौ जून को दंपति पर धन शोधन की साजिश रचने और धन शोधन करने के आरोप तय किए। अमेरिकी अटॉर्नी बायंग जे ने कहा, ''भारत स्थित आपराधिक कॉल सेंटरों ने हमारे समुदाय के कमजोर सदस्यों को जाल में फंसाया और फोन पर उन्हें गुमराह करके उनके पैसे चुराए।''संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि सामाजिक सुरक्षा घोटाले के तौर पर भारत स्थित कॉलर अपने आप को संघीय एजेंट बताकर पीड़ितों को गुमराह करते।